दिन– रविवार दिनांक– 31 / 08 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री ने कहा– देश को वोकल फॉर लोकल के मंत्र के साथ आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ना होगा।

02. आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने सौर ऊर्जा से गांव की तस्वीर बदलने वाली मुजफ्फरपुर की देवकी देवी की सराहना की।

03. एशिया कप हॉकी चैंपियनशिप में भारत ने रोमांचक मुकाबले में जापान को तीन–दो से पराजित किया। जीत के साथ भारत सुपर–फोर में पहुंचा।

04. और, कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'वोटर अधिकार यात्रा' कल पटना के गांधी मैदान से शुरू होगी।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश को स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने यानी वोकल फॉर लोकल, आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के मंत्र के साथ आगे बढ़ना होगा। आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि त्योहारी मौसम में, देशवासियों को स्वदेशी की बात भूलनी नहीं है।

–––बाइट–––

आने वाले दिनों में बहुत सारे त्योहारों की रौनक होगी। इन त्योहारों में आपको स्वदेशी की बात कभी भी भूलनी नहीं है। उपहार वही जो भारत में बना हो, पहनावा वही जो भारत में बुना हो, सजावट वही जो भारत में बने सामान से हो, और भी ऐसा बहुत कुछ। एक ही मंत्र 'वोकल फॉर लोकल', एक ही रास्ता 'आत्मनिर्भर भारत', एक ही लक्ष्य 'विकसित भारत'।

प्रधानमंत्री ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म प्रतिभा सेतु की भी चर्चा की।

–––बाइट–––

प्रतिभा सेतु' में उन उम्मीदवारों का डेटा रखा गया है, जिन्होंने यूपीएससी की अलग–अलग परीक्षाओं के सभी चरण पास किए, लेकिन, अंतिम मेरिट लिस्ट में उनका नाम नहीं आ पाया। इस पोर्टल से प्राइवेट कंपनियां इन होनहार स्टुडेंट्स की जानकारी लेकर उन्हें अपने यहां नियुक्ति दे सकती हैं। इस प्रयास के नतीजे भी आने लगे हैं। सैकड़ों उम्मीदवारों को इस पोर्टल की मदद से तुरंत नौकरी मिली है और वो युवा जो मामूली अंतर से रुक गए थे, अब नए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

श्री मोदी ने बिहार के मुजफ्फरपुर की देवकी जी का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी मेहनत और दूरदर्शिता से यह साबित कर दिखाया है कि सौर ऊर्जा केवल बिजली का साधन नहीं बल्कि किसानों की आमदनी बढ़ाने वाली एक नई शक्ति भी है।

———बाइट———

मुज़फ्फरपुर के रतनपुरा गांव की रहने वाली देवकी जी को लोग अब प्यार से "सोलर दीदी" कहते हैं। उनका जीवन आसान नहीं था, लेकिन उनका हौंसला कभी टूटा नहीं। वो एक सेल्फ हेल्प ग्रुप से जुड़ी और वहीं उन्हें सोलर पंप के बारे में जानकारी मिली। उन्होंने सोलर पंप के लिए प्रयास शुरू किए और उसमें सफल भी रही। सोलर दीदी के सोलर पंप ने इसके बाद जैसे गांव की तस्वीर ही बदल दी। जहां पहले कुछ एकड़ में जमीन की सिंचाई हो पाती थी, अब सोलर दीदी के सोलर पंप से 40 एकड़ से ज्यादा क्षेत्र में पानी पहुँच रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सत्रह सितंबर को विश्वकर्मा जयंती है। श्री मोदी ने बताया कि यह दिवस उन विश्वकर्मा बंधुओं को समर्पित है जो परंपरागत शिल्प, कौशल और ज्ञान—विज्ञान को अनवरत एक पीढी से दूसरी पीढी तक पहुंचा रहे हैं। श्री मोदी ने कहा कि इनकी मदद के लिए ही सरकार ने विश्वकर्मा योजना चलाई है।

———————————————————

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने की प्रशंसा की है। श्री जायसवाल ने आज पटना में कहा कि स्वदेशी उत्पादों का उपयोग कर ही भारत आत्मनिर्भर बन सकता है।

———बाइट———

———————————————————

राजगीर में आयोजित एशिया कप पुरूष हॉकी में भारतीय टीम का शानदार प्रदर्शन जारी है। कप्तान हरमनप्रित सिंह के दो गोल की बदौलत टीम इंडिया ने आज कांटे के मुकाबले में जापान को तीन—दो से पराजित कर दिया। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम सुपर फोर में पहुंच गई है। एक रिपोर्ट—

———बाइट———

भारतीय टीम का अगला मुकाबला कल कजाखस्तान के खिलाफ होगा। यह मैच शाम साढ़े सात बजे खेला जाएगा। इधर, पूल–ए के आज खेले गए एक अन्य मुकाबले में चीन ने कजाखस्तान को तेरह–एक से रौंद दिया।

---

राजद नेता तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भाजपा के इशारे पर सरकार चला रहे हैं। श्री यादव ने आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि मुख्यमंत्री का अपना कोई विजन नहीं है।

———बाइट———

---

जदयू के वरिष्ठ नेता के.सी. त्यागी ने राजद नेता तेजस्वी यादव के डुप्लिकेट मुख्यमंत्री वाले बयान पर कहा है कि इंडी गठबंधन में सब कुछ ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि अब जिस तरीके से तेजस्वी यादव ने खुद को मुख्यमंत्री का उम्मीदवार घोषित कर दिया है, इससे आने वाले समय में महागठबंधन में विवाद और बढेगा।

———बाइट———

---

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि राज्य सरकार ने सीवान जिले में सीवान–सिसवन पथ से चैनपुर रसूदपुर तक लगभग साढ़े तीन किलोमीटर लंबी सड़क के चौड़ीकरण कार्य को स्वीकृति प्रदान कर दी है। उन्होंने बताया कि इस पर बाईस करोड़ से अधिक की लागत आयेगी।

---

राज्य में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत अब तक **दो लाख चालीस हजार आठ सौ इक्यानवें** मतदाताओं ने प्रारूप सूची पर

दावा–आपत्ति दर्ज करवाई है। वहीं, राजनीतिक दलों में भाकपा–माले की ओर से **एक सौ अठारह** दावा–आपत्ति दर्ज करवाई गयी है। जबकि राजद की ओर से **दस** दावा–आपत्ति दर्ज कराई गयी है। अन्य **दस** मान्यता प्राप्त दलों की ओर से किसी प्रकार की दावा–आपत्ति नहीं की गयी है। मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए **पन्द्रह लाख बत्तीस हजार चार सौ अड़तीस** नये आवेदन प्राप्त हुये हैं। दावा–आपत्ति के लिए अब केवल कल तक का समय बचा हैं। कल सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ उपलब्ध रहेंगे और मतदाताओं को दावा–आपत्ति समेत अन्य आवश्यक कार्यों में मदद करेंगे।

---

सुप्रीम कोर्ट में कल मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के तहत दावा–आपत्ति की समय सीमा बढ़ाने के लिए दायर याचिका पर सुनवाई होगी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत सहित तीन सदस्यीय पीठ ने पूर्व में इस मामले की सुनवाई के दौरान एक सितम्बर की तारीख तय की थी।

---

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'वोटर अधिकार यात्रा' कल पटना के गांधी मैदान से शुरू होगी। यात्रा में कांग्रेस, राजद और लेफ्ट सहित महागठबंधन के अन्य घटक दल के नेता और कार्यकर्ता शामिल होंगे। यह यात्रा गांधी मैदान से निकलकर एस.पी. वर्मा रोड, डाकबंगला चौराहा, कोतवाली थाना, नेहरू पथ और इनकम टैक्स चौराहा होते हुए हाई कोर्ट के पास बाबा साहेब अंबेडकर पार्क के पास समाप्त होगी। मार्च के समापन के बाद राहुल गांधी एक जनसभा को संबोधित करेंगे।

---

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद अखिलेश प्रसाद सिंह ने दावा किया है कि विधानसभा चुनाव में महागठबंधन दो–तिहाई बहुमत से जीत हासिल करेगा। श्री सिंह ने आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि उनकी पार्टी की ओर से प्रारूप मतदाता सूची के विरूद्ध चुनाव आयोग को कई शिकायतें सौंपी गई हैं।

–––बाइट–––

---

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा पर सवाल उठाते हुए कहा कि उन्हें बिहार में सुशासन पर भी चर्चा करनी चाहिए। श्री चौधरी ने आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि राज्य में शांति, सुरक्षा और सुशासन का सबसे बड़ा उदाहरण यह है कि राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा पिछले दो सप्ताह से शांतिपूर्वक चल रही है।

———बाइट———

---

पटना के अपर जिला दंडाधिकारी विधि—व्यवस्था ने आज प्रेस विज्ञाप्ति जारी कर बताया कि कुछ समाचार माध्यमों में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को गांधी मैदान, पटना में रविवार की रात में रुकने की अनुमति नहीं देने से संबंधित समाचार भ्रामक, असत्य और तथ्यों से परे है। एडीएम ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस सहित किसी भी व्यक्ति या दल द्वारा गांधी मैदान में आज रात्रि में किसी व्यक्ति विशेष या व्यक्तियों के समूह के रुकने तथा किसी अन्य कार्य के लिए अनुमति नहीं मांगी गई है।

---

पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. सुनील कुमार ने आज नालंदा जिले के रहुई प्रखंड और सोहसराय में दो करोड़ अड़तालीस लाख से अधिक की लागत वाली सड़क योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया।

---

प्रदेश में मॉनसून कमजोर पड़ने से सामान्य तापमान में बढ़ोतरी हुई है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के अनुसार अगले चौबीस घंटे के दौरान गोपालगंज, पूर्वी चम्पारण, पश्चिम चम्पारण और भागलपुर जिले में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश की सम्भावना है।

———बाइट———

---

जहानाबाद में अट्‌ठाइस अगस्त को एक छह वर्षीय छात्र की स्कूल बस से गिरकर मौत मामले में परिवहन विभाग ने कड़ी कार्रवाई करते हुए बस को जब्त कर लिया है। विभागीय जांच में पाया गया कि वाहन का फिटनेस फरवरी दो हजार चौबीस में ही समाप्त हो चुका था।

---

कैमूर जिले के भगवानपुर थाना क्षेत्र के मसही गांव के पोखर में स्नान के दौरान डूबने से दो भाइयों की मौत हो गई।

---

रेलवे ने अररिया के जोगबनी से आगरा कैंट के बीच विशेष ट्रेन चलाने की घोषणा की है। यह ट्रेन बारह सितंबर से अट्‌ठाईस सितंबर तक चलेगी।

---

01. प्रधानमंत्री ने कहा– देश को वोकल फॉर लोकल के मंत्र के साथ आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ना होगा।

02. आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने सौर ऊर्जा से गांव की तस्वीर बदलने वाली मुजफ्फरपुर की देवकी देवी की सराहना की।

03. एशिया कप हॉकी चैंपियनशिप में भारत ने रोमांचक मुकाबले में जापान को तीन–दो से पराजित किया। जीत के साथ भारत सुपर–फोर में पहुंचा।

04. और, कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'वोटर अधिकार यात्रा' कल पटना के गांधी मैदान से शुरू होगी।

---

समाप्त